पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कड़पा , हैदराबाद

राष्ट्रीय युवा दिवस (सत्र-2023-24)

प्रतिवेदन

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कड़पा में दिनांक 12 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय युवा दिवस जोश और उत्साह के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री मुनेश मीना ने की । कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य महोदय ने दीप प्रज्ज्वलित और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की । इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस के बैनर के साथ विद्यालय परिसर से एस.टी.एम. कॉलोनी तक लगभग 3 किलोमीटर की मैराथन दौड़ लगाई । जिसका संचालन श्रीमती शिरीशा द्वारा किया गया । इस अवसर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित हुई । केंद्रीय विद्यालय संगठन हैदराबाद संभाग द्वारा केंद्रीय विद्यालय कड़पा को विशेष कार्यक्रम में ' संगीत प्रतियोगिता ' आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई । जिसके तहत विद्यालय में ' एकल शास्त्रीय नृत्य ' , ' एकल गीत ', ' समूह गीत ' और ' वाद यंत्र प्रतियोगिता ' का आयोजन किया गया । इसके अतिरिक्त ' पोस्टर निर्माण ' तथा ' भाषण प्रतियोगिता' का भी आयोजन किया गया । अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यालय के प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के पहलुओं को उजागर करते हुए विद्यार्थियों में जोश और उत्साह का संचार किया । विद्यार्थियों को अपने जीवन में एक लक्ष्य बनाने और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अनवरत प्रयास करने का आह्वान किया । कार्यक्रम का संचालन श्री ओमप्रकाश जांगिड़ और श्रीमती रूकैया खातून ने किया । श्रीमती पद्मजा रानी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया । कार्यक्रम के फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी श्री डूंगर सिंह मीणा , श्री अनुभव सक्सेना एवम् श्री अंकुर के द्वारा की गई । विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती एम. प्रतिमा ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

12/01/2024

प्राचार्य

प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय / Kendriya Vidyalaya
कड़पा / Kadapa-516002.
आन्ध्र प्रदेश / Andhra Pradesh